# कलेक्टर ने शुरू किया आनंद घर डे-केयर सेंटर

## अकेलेपन से बाहर निकालने की पहल आनंद घर बनेगा बुजुर्गों के लिए दोस्ती, सम्मान और खुशियों का नया संसार : जिलाधीश



**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 8 मई।** विश्व रेडक्रॉस डे के अवसर पर दतिया जिले के वरिष्ठ नागरिकों को अकेलेपन से बाहर निकालकर उन्हें सामाजिक अपनापन, सम्मान और खुशहाल वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने रेडक्रॉस भवन, सीतासागर के पास आनंद घर डे-केयर सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ किया।

कलेक्टर श्री वानखड़े ने वरिष्ठ नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि आज के समय में कई बुजुर्ग स्वयं को अकेला महसूस करते हैं। ऐसे में च्आनंद घरज् उनके लिए केवल एक भवन नहीं, बल्कि ऐसा साझा मंच बनेगा जहां वे नए मित्र बना सकेंगे, अपने अनुभव साझा कर सकेंगे, सामाजिक जुड़ाव महसूस करेंगे और सकारात्मक वातावरण में समय व्यतीत कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि वरिष्ठजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके अनुभव नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन का कार्य करते हैं। डे-केयर सेंटर में वरिष्ठ नागरिकों के मनोरंजन, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक सहभागिता को ध्यान में रखते हुए टीवी के माध्यम से धार्मिक प्रवचन, भजन एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई है। साथ ही अध्ययन हेतु पुस्तकें एवं मनोरंजन के लिए कैरम, शतरंज, लूडो जैसी खेल सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है। शुभारंभ अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर आध्यात्मिक वातावरण भी निर्मित किया गया। सेंटर में पुलिस, फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस, मानसिक स्वास्थ्य एवं काउंसलिंग, नशा मुक्ति, वरिष्ठ नागरिक सहायता, महिला सुरक्षा एवं स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर भी प्रदर्शित किए गए हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वरिष्ठ नागरिकों को त्वरित सहायता मिल सके।

आनंद घर में योग, प्राणायाम, ध्यान, स्वास्थ्य परामर्श, धार्मिक आयोजन, रामायण एवं गीता पाठ, भजन-कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, गीत-संगीत एवं समूह चर्चा जैसी गतिविधियां नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी। साथ ही छात्र-छात्राओं एवं वृद्धजनों के बीच संवाद कार्यक्रम भी होंगे, जिससे नई और पुरानी पीढ़ी के बीच अनुभवों का आदान-प्रदान हो सके। कार्यक्रम के प्रथम दिवस चिकित्सक डॉ. दिनेश सिंह तोमर द्वारा उपस्थित नागरिकों एवं वृद्धजनों को सीपीआर एवं आपातकालीन स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम का संचालन विनोद मिश्रा ने किया तथा अंत में श्री पुनीत टिलवानी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 33 केबी लाइन पर काम करते आउटसोर्स कर्मचारी झुलसा

**भांडेर 8 मई।** नगर में उस समय हड़कंप मच गया जब टीबी टावर स्थित 33 केबी विद्युत लाइन पर कार्य के दौरान आउटसोर्स विद्युत कर्मचारी धर्मेन्द्र जाटव (उम्र 35 वर्ष) करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। बताया जा रहा है कि कर्मचारी लाइन पर कार्य कर रहा था, तभी अचानक हादसा हो गया और तेज करंट लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल कर्मचारी को भांडेर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने झाँसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा काफी भयावह था। घटना के बाद बिजली विभाग में भी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फिलहाल कर्मचारी की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने विद्युत कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों के पालन पर सवाल उठाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों से जांच और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।



## एसडीएम ने उपार्जन केंद्रों पर किसानों से व्यवस्थाओं की ली जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 8 मई।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री लोकेन्द्र सिंह सरल द्वारा गेहूं उपार्जन कार्य के तहत उपार्जन केंद्र बड़ेरा पछोखरा, उपरांय, बड़ोनी, सिनाबल एवं बड़ौनकला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रभारियों से किसानों की उपार्जित मात्रा के विरुद्ध आरटी-2 जमा करने की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई।

एसडीएम श्री सरल ने उपार्जन केंद्रों पर खरीदे जा रहे गेहूं की एफएक्यू गुणवत्ता का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने केंद्रों पर तुलाई कराने पहुंचे किसानों से चर्चा कर तुलाई व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। किसानों द्वारा उपार्जन केंद्रों पर की जा रही व्यवस्थाओं एवं तुलाई प्रक्रिया पर संतुष्टि व्यक्त की गई।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री सरल ने सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानों की उपार्जित मात्रा के विरुद्ध शाम तक 90 प्रतिशत आरटी-2 जमा करना सुनिश्चित करें, जिससे भुगतान प्रक्रिया समय पर पूर्ण हो सके।



## आंधी, पानी से भीषण गर्मी से मिली राहत

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 8 मई।** मौसम में बदलाव का दौर जारी बना हुआ है। मई माह में सामान्य तौर पर भीषण गर्मी पड़ती है तमतमाते सूरज की तेज धूप आसमान में धंध और जमीन का किसी तबे की भाती तपना इसकी खासियत है इधर लगभग पूरे जिले में आंधी, पानी, के दौर के बजह से न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे चल रहा है। शुक्रवार को सुबह बादल छाये रहे और हल्की बारिश हुई। सायं को तेज हवाओं के साथ आंधी चली जिससे बिजली भी कई इलाकों में गुल रही और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम में बदलाव के बावजूद दिन और रात का तापमान बढ़ गया है। लोगों को गर्मी से राहत तो मिली है।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर कुदारी गांव की बेटी गौरी सम्मानित

**इन्दरगढ़ 8 मई।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आज 8 मई को मध्यप्रदेश के



राज्यपाल महामहिम श्री मंगू भाई पटेल द्वारा मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित सम्मान समारोह में दतिया जिले के ग्राम कुदारी की बेटी गौरी शर्मा को उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। गौरी शर्मा को समाज सेवा, मानवता एवं जनहित के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया है। उनके इस सम्मान से पूरे दतिया जिले एवं ग्राम कुदारी में खुशी और गर्व का माहौल है।

विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों को सम्मानित किया गया । गौरी शर्मा की इस उपलब्धि को क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक माना जा रहा है। गौरी शर्मा वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र शर्मा की बेटी है। ग्रामवासियों एवं शुभचिंतकों ने गौरी शर्मा को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बहादुरपुर हत्याकांड के तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 8 मई।** अपर लोक अभियोजक मुकेश गुप्ता ने बताया कि न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश जिला दतिया श्री राजेश भण्डारी द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 59/2023 में आरोपीगण प्रहलाद दांगी, उमेश दांगी पुत्रगण वीर सिंह दांगी तथा वीर सिंह दांगी पुत्र रामप्रताप दांगी निवासीगण ग्राम बहादुरपुर थाना दुरसड़ा जिला दतिया को आजीवन करावास एवं 10-10 हजार रूपये से दण्डित किया गया।

मामले में शासन की ओर से पैरवीकर्ता अपर लोक अभियोजक मुकेश गुप्ता द्वारा बताया गया कि 14 फरवरी 2023 को शाम करीब साढ़े पांच बजे फरियादी महेश उर्फ मुन्ना समाधिया अपने बड़े भाई अनिल, छोटे भाई राजेश तथा भाभी कल्पना के साथ अपने घर के बाहर चबूतरे पर बैठ कर आपस मे बाते कर रहे थे तभी आरोपीगण प्रहलाद दांगी, वीर सिंह दांगी एवं उमेश दांगी अपने-अपने हाथो मे कुल्हाड़ी लिये आये और पुरानी रंजिश पर से फरियादी के भाई अनिल को मॉ-बहन की गंदी-गंदी गालियां दी और कहा कि तुझे देखते हैं अनिल समाधिया ने गालियां देने से मना किया तभी आरोपी प्रहलाद ने हाथ मे ली कुल्हाडी अनिल समाधिया के सिर मे मारी तथा दोनो आरोपीगण वीर सिंह दांगी एवं उमेश दांगी ने भी एक राय होकर अनिल पर कुल्हाड़ियों से प्राणघातक हमला किया जिससे उसे गंभीर चोटें आयी घटना के समय फरियादी मुन्ना, राजेश एवं भाभी कल्पना मौजूद थी जिन्होंने बीच बचाव कराया तीनो आरोपीगण ने धमकी दी कि आज तो बच गये हो आइन्दा जिंदा नहीं छोड़ेंगे। घायल अनिल को परिवारजन जिला चिकित्सालय दतिया इलाज हेतु लेकर गये जहां डॉक्टर ने अनिल को मृत्य घोषित कर दिया मृतक के भाई मुन्ना समाधिया की रिपोर्ट पर से आरोपीगण प्रहलाद दांगी, वीर सिंह दांगी एंव उमेश दांगी के विरुद्ध धारा 302 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्व किया गया। पुलिस द्वारा अनुसंधान के दौरान तीनों आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपीगण के आधिपत्य से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी जब्त की गई पुलिस द्वारा अनुंसधान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक मुकेश गुप्ता द्वारा 18 साक्षियों को परिछित किया गया। अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एंव न्याय दृष्टांत के आधार पर तथा प्रभारी तर्को के आधार पर उक्त अपराध को माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण के आपराधिक मन:स्थिति तथा दिन-दहाड़े मृतक की उसके घर के बाहर परिवारजनों के समक्ष कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या की गई उक्त अपराध माननीय न्यायालय द्वारा अत्यधिक गंभीर एंव समाज मे भय का माहौल व्याप्त करने बावत मानते हुये तीनो आरोपीगणो को मृतक अनिल समाधिया के हत्या के संबध मे धारा 302 भा.द.वि. के दोषी मानते हुये आजीवन कारावास एंव 10-10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।



## कलयुग में हरि नाम से ही जीव का कल्याण हो जाता है : साध्वी ज्योति

**बसई 8 मई।** श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन ग्राम सांकुली में कथा व्यास सु.श्री साध्वी ज्योति ने भगवान श्री कृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं और रासलीला का भावपूर्ण वर्णन किया। कृष्ण जन्म कथा के बाद कथा को आगे बढ़ाते हुए पूतना वध, यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें, भगवान श्रीकृष्ण का गो प्रेम, कालिया नाग मान मर्दन, माखन चोरी गोपियों का प्रसंग सहित अन्य कई प्रसंगों का कथा के दौरान वर्णन किया। गोकुल वासियों द्वारा इंद्र देव की पूजा न करने पर क्रोध में आकर वह लगातार बारिश करते है बारिश से बचाने के लिए भगवान ने गोवर्धन पर्वत को एक उंगली पर उठा लिया।

श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा व्यास द्वारा बीच-बीच में सुनाए गए भजन पर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा व्यास ने बताया कि भागवत कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। कलयुग की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि कलयुग में मानस पुण्य तो सिद्ध होते हैं। परंतु मानस पाप नहीं होते। कलयुग में हरी नाम से ही जीव का कल्याण हो जाता है।

इस मौके पर यजमान श्रीमती मेंदा कीरत सिंह लोधी के साथ पं. श्री रामकुमार तिवारी, दशरथ नन्ना, महेश लोधी, श्याम सुन्दर लोधी, अवधेश राजपूत, शशि लोधी, प्रवेंद्र लोधी, विवेक लोधी, हेमंत लोधी, सतेंद्र लोधी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## रेत का अवैध उत्खनन पर कार्यवाही दो ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 8 मई।** जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर जिला प्रशासन और खनिज विभाग लगातार सख्त कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में विगत दिवस 07 मई 2026 को ग्राम डगराकुआं सिंध नदी रेत घाट से दो ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर पुलिस थाना सिनावल की अभिरक्षा में खड़ा किया गया है।

यह कार्यवाही जिला खनिज अधिकारी प्रदीप भूरिया के नेतृत्व में संजीव तिवारी तहसीलदार बड़ौनी, संजय धाकड़ प्रभारी खनिज निरीक्षक एवं पुलिस बल द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण के खिलाफ अभियान सतत रूप से जारी रहेगा और भविष्य में भी इसी प्रकार की कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# अस्पताल में प्रत्येक 6 माह में फायर मॉकड्रिल आवश्यक : बघेल

## जिला चिकित्सालय दतिया में फायर सेफ्टी मॉकड्रिल का सफल आयोजन



**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 8 मई।** शुक्रवार को जिला चिकित्सालय दतिया में फायर सेफ्टी मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्लाटून कमांडर होमगार्ड शिवराज सिंह बघेल एवं उनकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मॉकड्रिल में नर्सिंग ऑफिसर, पैरामेडिकल स्टाफ, वार्ड बॉय, मल्टी स्किल्ड ग्रुप डी, इलेक्ट्रीशियन, हाउसकीपिंग स्टाफ एवं सुरक्षा गार्ड सहित अस्पताल के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

इस अभ्यास का उद्देश्य अस्पताल स्टाफ को आपातकालीन परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु प्रशिक्षित करना तथा मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों द्वारा फायर सेफ्टी उपकरणों जैसे फायर एक्सटिंग्विशर, स्मोक डिटेक्टर, फायर इवैक्यूएशन प्लान एवं हाइड्रेंट के सही उपयोग का प्रदर्शन किया गया। साथ ही आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, आग बुझाने के उपाय एवं बचाव तकनीकों की व्यावहारिक जानकारी भी प्रदान की गई ।अस्पताल प्रशासन द्वारा बताया गया कि संभावित अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने के लिए जिला चिकित्सालय में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। अस्पताल परिसर में अग्निशमन यंत्र, फायर अलार्म एवं अन्य सुरक्षा उपकरण स्थापित किए गए हैं। सभी कर्मचारियों को इन उपकरणों के उपयोग हेतु प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में प्रभावी एवं शीघ्र कार्रवाई की जा सके।

प्लाटून कमांडर होमगार्ड बघेल ने कहा कि अस्पताल में प्रत्येक 6 माह में फायर मॉकड्रिल का आयोजन आवश्यक है, जिससे स्टाफ सदैव सतर्क एवं तैयार बना रहे। कार्यक्रम में आर.एम.ओ. डॉ. डी.एस. तोमर, डॉ. आर.एन. आर्या, डॉ. के.एल. गुप्ता, डॉ. एस.एस. तोमर, डॉ. हरेन्द्र जादौन, अस्पताल प्रबंधक डॉ. राजेश पटेल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इनके साथ पुष्पेन्द्र कौरव, तरुण, कार्तिकेय, गजेन्द्र, सुलोचना पवार, ज्योति नरवरिया, क्फड, नर्सिंग ऑफिसर, हाउसकीपिंग स्टाफ एवं सुरक्षा गार्ड भी आयोजन में शामिल हुए।

## प्रभारी मंत्री कंषाना आज जिले के प्रवास पर

**दतिया, 8 मई।** मध्यप्रदेश शासन के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना आज 9 मई शनिवार को जिले के प्रवास पर रहते हुए विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री कंषाना 9 मई को प्रात: 8.45 बजे राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविधालय के इंटरनेशन गेस्ट हाउस ग्वालियर से दतिया के लिए प्रस्थान कर प्रात: 9.45 बजे दतिया सर्किट हाउस पहुंचेंगे। प्रात: 10 बजे आप होटल रतन रॉयल पहुंचेंगे और जिला कोर ग्रुप की बैठक में सम्मिलित होंगे। दोपहर 12.30 बजे आप होटल रतन रॉयल से सर्किट हाउस के लिए प्रस्थान कर दोपहर 12.40 बजे सर्किट हाउस पहुंचकर अनुश्रवण समिति की बैठक में भाग लेंगे। दोपहर 1.40 बजे से सर्किट हाउस दतिया से मुरैना के लिए प्रस्थान करेंगे।



## अपहरण मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**दतिया, 8 मई।** पुलिस अधीक्षक दतिया मयूर खंडेलवाल के निर्देशन में फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में टीआई धीरेन्द्र मिश्रा ने फरार आरोपी जीतेंद्र कोरी पुत्र स्व. गोविंद कोरी निवासी रबदापुरा, भंडेरी फाटक को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि टीम ने आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध पहले से गंभीर अपराध दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। इसी तरह गौमांस विक्रय प्रकरण में फरार दो आरोपी मुस्तकीन खान एवं असलम कुरैशी को इंदरगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया एवं गोदन पुसिल ने चैक बाउंस के मामले में फरार दो आरोपी विक्रांत यादव निवासी उड़ीना एवं रामबाबू कायस्त निवासी धनौली को गिरफ्तार किया।

### एक शस्त्र लायसेंस निलंबित

**दतिया, 8 मई।** पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट दतिया स्वप्निल वानखड़े द्वारा आयुध अधिनियम 1959 की धारा-17(3) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लायसेंसधारक लखनलाल गुर्जर पुत्र परशुराम गुर्जर द्वारा लायसेंस की शर्तों का उल्लंघन करने तथा लायसेंसी शस्त्र से दशहत फैलाने तथा लायसेंसधारी पर आरोपित आपराधिक प्रकरण के अंतिम निराकरण तक की अवधि के लिए शस्त्र लायसेंस निलंबित कर दिया है।

# जिला एवं तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत आज

## 19 खण्डपीठें करेंगी नेशनल लोक अदालत में 1560 प्रकरणों की सुनवाई

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 8 मई।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय दतिया एवं तहसील न्यायालय सेवढ़ा व भाण्डेर में आज 9 मई को किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत में कुल 19 खण्डपीठें बनाई गई है। लोक अदालत में जिला एवं तहसील स्तर के खण्डपीठ पीठासीन अधिकारी एवं सुलहकर्ता सदस्यों द्वारा सुलहवार्ता कराई जाकर आपसी समझौते कराये जायेगें।

नेशनल लोक अदालत का विधिवत शुभारम्भ मुख्य न्यायाधिपति म.प्र उच्च न्यायालय द्वारा सम्पूर्ण मध्य प्रदेश में एक साथ वर्चुअल मोड से प्रात: 10 बजे किया जायेगा। जिसमें समस्त न्यायाधीशगण उपस्थित रहेगें।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विजय चंद्र द्वारा बताया गया कि लोक अदालत में वाद निराकरण हेतु किसी प्रकार का शुल्क देय नहीं होता एवं लम्बित मामलों के लोक अदालत में निराकरण पर न्याय शुल्क की वापसी की व्यवस्था होती है। कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज और आपसी समझौते पर आधारित होती है।

साथ ही त्वरित, सस्ता, सुलभ न्याय प्रत्येक भारतीय नागरिक का नैतिक अधिकार है, नेशनल लोक अदालत का आयोजन का आयोजन तहसील न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय के स्तर तक किसी भी न्यायालय अथवा विभागी मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जाने हेतु आवेदन पत्र अंतिम आदेश व निर्णय प्राप्त कर सदैव के लिये लंबित मामलों से छुटकारा पाने का स्वर्णिम अवसर है।



## पहलवानों के लिए शीघ्र होगा अखाड़े का निर्माण : विधायक

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 8 मई।** विंध्यवासिनी हीरा माता मंदिर सेंवनी तहसील इंदरगढ जिला दतिया के पास स्थित खेत में दतिया केसरी विशाल दंगल का आयोजन किया गया आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि सेंवढा विधायक प्रदीप अग्रवाल उपस्थित रहे। विधायक श्री अग्रवाल का कार्यक्रम के आयोजक देवेंद्र पहलवान, एवं विवेक गुर्जर द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। जिसके पश्चात विधायक श्री अग्रवाल ने फीता काटकर दंगल का उद्घाटन किया तथा अखाड़े में पहुँच कर पहलवानों के साथ परिचय कर उनका हाथ मिलवा कर कुश्तियों का शुभारंभ कराया ।

इस अवसर पर पहलवानों द्वारा विधायक श्री अग्रवाल से कुश्तियां के निरंतर कार्यक्रम चलते रहें के उद्देश्य से एक अखाड़ा बनाए जाने की मांग की गई, जिसके संबंध में विधायक अग्रवाल ने कहा कि कुश्तियां के प्रोत्साहन हेतु पहलवानों के लिए दो से तीन लाख की लागत से क्षेत्र में एक अखाड़ा शीघ्र बनाया जाएगा । कार्यक्रम में रेफरी चंद्र प्रकाश खलीफा बबीना एवं कांमेंट्रेटर की भूमिका चरण पहलवान धमना द्वारा निभाई गई इस अवसर पर वीरेंद्र राठौर, सरदार पहलवान, भरत राठौर, नरेंद्र दाऊ, जितेंद्र पहलवान ,केदार गुर्जर, कल्लू दाऊ, श्री राम कुशवाहा, हनुमत सिंह राठौर, अजीत सिंह गुर्जर, जनक सिंह, चेनू पहलवान, उपेंद्र गुर्जर, रामसनेही राठौर, निहाल गुर्जर, अंकित गुर्जर, नीरज यादव के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थिति रहे।

## आज आएंगे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पीठ पर पूजा अर्चना करेंगे

**नवभारत न्यूज**

**दतिया, 8 मई।** खल भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब एक दिवसीय दौरे पर वंदे भारत से सुबह 10 बजे दतिया पहुंचकर श्री पीतांबरा पीठ में पूजा अर्चना करेंगे तत्पश्चात डबरा में युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित किसान पंचायत के कार्यक्रम में शामिल होंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी शिवी चौहान एवं प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया भी साथ रहेंगे साथ ही युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय पदाधिकारी,प्रदेश पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे उक्त जानकारी मीडिया को दतिया युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष दारा सिंह कमरिया ने दी।


## आम सूचना

श्रीमती प्रीति प्रजापति पत्नी श्री मुकेश प्रजापति पुत्री श्री महेश प्रजापति के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम हमीरपुर, प.ह.नं.23, रा.नि.मं.दतिया, तहसील दतिया नगर व जिला दतिया (म.प्र.) है जो भूमि सर्वे क्र.219 एवं 236 ग्राम हमीरपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1125 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में भूखण्ड संतोष कुशवाह, पश्चिम में भूमि विक्रेता, उत्तर में भूमि वान सिंह यादव एवं दक्षिण में रास्ता 20 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में वद्री इन्फॉटेक प्राइवेट लिमिटेड जये डायरेक्टर श्री सुमित गुप्ता पुत्र श्री लाखनलाल, श्रीमती चिरौंजी देवी यादव पत्नी श्री आजाद सिंह यादव, श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री लाखनलाल के संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व की थी। श्रीमती चिरौंजी देवी यादव द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती प्रीति प्रजापति पत्नी श्री मुकेश प्रजापति पुत्री श्री महेश प्रजापति को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी09592022ए11161863 दिनांक 22.11.2022 से विक्रय की गई। श्रीमती प्रीति प्रजापति द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान टायगर होम फायनेन्स प्राइवेट लिमिटेड, दतिया के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक- नीरज जैन (एडवोकेट)
कार्या.-भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710